**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव
# रविवार को होगा क्रिकेट का अंतिम मैच

वर्धा दि. 16 जनवरी 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव में क्रिकेट, बैडमिंटन, वालीबॉल तथा शतरंज आदि खेलों के मैच हो रहे हैं।




9 जनवरी से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में क्रिकेट का अंतिम मैच 18 जनवरी को होगा। क्रिकेट के प्रतिदिन 4 मैच होते हैं और हर मैच 16 ओवर का खेला जा रहा है। प्रत्येक मैच में मॅन ऑफ द मैच की घोषणा की जाती है।




क्रिकेट के मैच मेजर ध्यानचंद क्रीडा संकुल में पूर्वाहन 10.30 बजे से शुरू होते है। वहीं बॅडमिंटन विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर सभागार में एवं वालीबॉल के मैचेस प्रथम भवन के प्रांगण में खेले जा रहे हैं।




बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित इस खेल महोत्सव में दर्शकों की रूचि बढ़ाने के लिए हर दिन लकी ड्रा भी निकाला जाता है जिसमें एक लकी विजेता को टी शर्ट दिया जाता है।



इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं और कर्मी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी कर रहे है।




महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील खेल महोत्सव समिति की ओर से की गई है।